दिनांकः 16.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

प्रदेश में पहले चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार चरम पर है। इस चरण में राज्य के 12 लोकसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान होगा। राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री और भाजपा नेता भजनलाल शर्मा का नागौर लोकसभा क्षेत्र के कुचामन सिटी में जनसभा का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री शर्मा वहां पार्टी उम्मीदवार ज्योति मिर्धा के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आज नागौर के परबतसर में सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग ले रही हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री और भाजपा नेता निर्मला सीतारमण आज जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में विभिन्न व्यवसायों से जुडे लोगों से एक कार्यक्रम में संवाद कर रही हैं। इसके बाद वे पत्रकारों से वार्ता करेंगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज अजमेर से पार्टी प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आज रतनगढ़, सीकर और फतेहपुर में जनसभा और रोड शो में भाग लेंगे।

000

प्रदेश में आयोजित हो रहे मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों के तहत आज हनुमानगढ जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में ''एक पाती माता पिता के नाम (वोट पाती)'' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लगभग 80 हजार विद्यार्थी भाग ले रहे हैं और वे अपने माता–पिता को पाती के माध्यम से मतदाता जागरुकता का संदेश दे रहे हैं।

उधर, जैसलमेर के रामदेवरा में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गयी। वहीं राठौड़ा गांव में भी रैली का आयोजन हुआ।

000

राजस्थान पुलिस आज अपना स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने सोशल मीडिया संदेश में पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि राजस्थान पुलिस साहस, शौर्य और समर्पण की प्रतीक है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के निवासियों की रक्षा में दिन रात लगे पुलिस के सजग प्रहरियों की निष्ठा, सेवा और शौर्य का अभिवादन किया है।

000

दुर्गाष्टमी का पर्व आज प्रदेशभर में श्रद्धाभाव और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शक्ति पीठों पर विशेष पूजा और अनुष्ठान किये जा रहे हैं। साथ ही घरों में भी मां दुर्गा की आराधना कर विशेष भोग लगाया जा रहा है। घरों में कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें उपहार भी दिये जा रहे हैं। शाहपुरा की प्रमुख शक्तिपीठ धनोप माता और घाटा रानी मंदिर में विशेष आरती का आयोजन हुआ।

बांसवाडा में मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में विशेष मंगला आरती की गयी। जैसलमेर की शक्ति पीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है और मंदिरों में हवन और यज्ञ किये जा रहे हैं। सवाईमाधोपुर में चौथ का बरवाडा स्थित चौथ माता मंदिर में विशेष अनुष्ठान हो रहे हैं। इस मौके पर माता का खास श्रंगार किया गया है।

बूंदी में इन्द्रगढ की बिजासन माता मंदिर और हंसा देवी मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। करौली में कैलादेवी का मेला परवान पर है। भरतपुर में झील का बाडा स्थित कैला मंदिर में भी लक्खी मेला भर रहा है। यहां श्रद्धालु पवित्र सरोवर काली सिल और रवि कुंड में स्नान कर माता को चुनरी चढा रहे हैं। सीकर में जीण माता का आज मुख्य लक्खी मेला भर रहा है। मेले में देशभर से श्रद्धालु पहुंचे हैं। हनुमानगढ़ में भद्रकाली मंदिर और पल्लू स्थित ब्रह्माणी मंदिर में मुख्य मेला भर रहा है। इसे लेकर पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं।

000

प्रदेश में आज भी जयपुर सहित कई स्थानों पर बादलों की आवाजाही बनी हुई है। इस बीच, तापमान में कमी आने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 39 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान डूंगरपुर में रिकॉर्ड किया गया। ज्यादातर स्थानों पर तामपान 35 से 38 डिग्री के बीच बना हुआ है। वहीं रात का तामपान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। आगामी दो दिनों में ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री बढोतरी होने के आसार है। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से 18 अप्रैल से जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

000